तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 महिला कांग्रेस का हल्लाबोल, पुलिस ने रोका तो जमकर हुई...



12 कलेक्टर ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण




REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


बैठक : साजा विधायक ने ली जीवन दीप समिति की बैठक

# स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

बुधवार को साजा विधायक ईश्वर साहू की अध्यक्षता में थान खम्हरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों और स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान विधायक ईश्वर साहू ने समिति के आय-व्यय की विस्तृत ली और उसकी समीक्षा की।

■ स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश

उन्होंने समिति द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और बजट के उपयोग पर संतोष जताया। इसके साथ ही, उन्होंने समिति को निर्देश दिए कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। विधायक ईश्वर साहू ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने समिति को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बजट का सही उपयोग हो और हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इससे पहले खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित समिति के मनोनीत सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने विधायक ईश्वर साहू का स्वागत किया। बैठक में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी समेत समस्त डॉक्टर, जीवन दीप समिति के समस्त सदस्यों के साथ ही भाजपा उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, मण्डल अध्यक्ष तोरण पुन्नी यादव, महामंत्री राजेश ठाकुर, पूरन कश्यप, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### समिति कर्मचारियों की राशि में 500 रूपये की बढ़ोतरी

बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र में आ रही समस्याओं और चुनौतियों पर भी चर्चा की। इनमें प्रमुख रूप से स्टाफ की कमी, दवाइयों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सीसी रोड, समेत कई अन्य मुद्दे शामिल थे। विधायक ने इन समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र की समग्र स्थिति को सुधारने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर बल दिया। वहीं विधायक ईश्वर साहू ने जीवन दीप समिति में काम करने वाले कर्मचारियों की राशि में 500 रूपये की बढ़ोतरी करने की घोषणा की।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतर


■ जिला मुख्यालय स्थित कोबिया तिराहे के पास हुई दुर्घटना

शहर के कोबिया तिराहे में बीती रात हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने जोरदार ठोकर मारते हुए अपनी चपेट में ले लिया। उक्त हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक शासकीय कर्मचारी थे। एक युवक किशोर कुमार गनवीर जिला न्याायलय में लिपिक था, जबकि दूसरा युवक अजय भारद्वाज शिक्षक था। दोनों के शव को जिला अस्पताल में पीएम कर परिवार वालों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने ठोकर मारने वाले मालवाहक को जब्त कर वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर कारवाई कर रही है।

बता दें कि मंगलवार की रात बेमेतरा सिमगा मार्ग पर जिला मुख्यालय के रहवासी इलाके में स्थित कोबिया तिराहे हादसे के पूर्व किशोर कुमार गनवीर स्थानीय जिला न्यायालय में लिपिक के तौर पर पदस्थ थे, जो अपने साथी अजय भारद्वाज के साथ मोटर सायकल से अपने न्यायिक आवास परिसर के क्वाटर जा रहे थे। इसी दौरान कोबिया तिराहा पार करने के दौरान सिमगा की ओर से आ रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। ट्रक की ठोकर से एक ब्रेकर के पास गिरा हुआ था, दूसरा युवक उससे दूर जा गिरा, जिससे दोनों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात में पानी गिर रहा था और हादसे में दोनों सड़क के अलग-अलग जगह फेंका गए थे। इसी दौरान अन्य वाहन भी इन्हें रौंदते हुए गुजर गए, जिससे एक का शरीर बुरी तरह से कुचला गया था। घटना की सूचना पाकर मृतक के जानने व पहचाने वाले भी मौके पर पहुंच चुके थे। जिला अस्पताल में दोनों मृतकों के शव को मरचुरी में रखा गया था। दोनों के शव का पीएम कराने के बाद पुलिस द्वारा परिजनों को सौप दिया गया है। हादसे के बाद ट्रक सहित भागने की फिराक में आगे जा रहे चालक को वाहन सहित पुलिस ने पकड़ लिया।

## खबर संक्षेप

### आज मुख्यमंत्री निवास में नहीं होगा जनदर्शन

**बालोद।** राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में गुरूवार 12 सितम्बर को आयोजित होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री निवास में प्रत्येक गुरूवार को जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में प्रदेश के हर क्षेत्र से आमजन अपनी समस्या के निराकरण के लिए जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचते हैं।



### क्रास कंट्री दौड़ में बरगा के हीरालाल को तीसरा स्थान

**बेमेतरा।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कॉलेज बेलाभाटा, अभनपुर में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के ग्राम बरगा निवासी हीरालाल साहू पिता भारत साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर परिवार समेत अपने संस्थान नाम रोशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस प्रतियोगिता में 70 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर प्राचार्य मिश्रा, प्रोफेसर विरेन्द्र कुमार जांगड़े, डॉ विनय यदु मौजूद रहे।

# अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने निकाली मशाल रैली

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के जिला संयोजक अश्वनी कुमार बेनर्जी के नेतृत्व में फेडरेशन की चार सूत्रीय मांग को लेकर बुधवार को तहसील कार्यालय बेमेतरा से कलेक्टोरेट तक मशाल रैली निकाली गई। उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी का वादा निभाने की मांग की। मशाल रैली में नानक साहू महासचिव, बलदाऊ पटेल, एल खुटियारे, हितेंद्र सिन्हा, बोधीराम निषाद, विजय डोरे, रामकुमार डडसेना, केएस परतें, सन्त वैष्णव, रजनी रेड्डी, रम्भा, विरेन्द्र कुमार यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

BATH FITT. | TILES | PLYWOOD | HARDWARE
SANITARY | STONES | LAMINATE | KITCHEN ACCE.
WELLNESS | MOSAICS | VEENER | DECO. PANELS
WINDOW | QUARTZ | LOUVERS | WOOD. FLOOR

Limited Time.
Unlimited Fayde!

Discounts on all product range
Get discount vouchers for next purchase
Upto 70% OFF On selected products
AND MANY MORE...

KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone®
Oyster® Bathroom beauties for the privileged | haique® ELEVATED LIVING Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI® PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम ने किया समस्याओं का त्वरित निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में मंगलवार को प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उपस्थित रहकर काफी संख्या में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्री नेताम ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और शेष आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री श्री नेताम के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा भी उपस्थित थे।

### बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों के बलिदान को नमन किया है। वन शहीदों के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय वन शहीद दिवस हर साल 11 सितंबर को वनों तथा वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले बहादुर वनकर्मियों और पर्यावरण संरक्षकों की याद में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिश्नोई समाज द्वारा पेड़ों की कटाई के विरोध में अपने प्राणों की आहुति और पर्यावरण संरक्षण के लिए शहीद हुए लोगों की विरासत को सम्मान देने के लिए राष्ट्रीय वन शहीद दिवस की शुरुआत की गई।

### बंगले से सामान गायब पूर्व मंत्री डहरिया पर आरोप

**रायपुर।** सी-2 बंगले से कई सामान गायब होने के मामले को लेकर शिकायतकर्ता राजकुमार मिश्रा ने शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। इस मामले की जानकारी आरटीआई के जरिए पीडब्ल्यूडी विभाग से मांगी गई थी, जिस पर विभाग ने भी कई सामान गायब होने की बात कही है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, यह बंगला तत्कालीन मंत्री डॉ. शिव डहरिया को अलॉट था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद जब यह बंगला मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अलॉट किया गया तो वहां से कई सामान गायब मिले।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 21 को

**रायपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 21 सितंबर को आयोजित है। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया कि जिस गति से न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है।

# कुत्तों के काटने से राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भी चिंतित, कहा- जहां खेल मैदान हो, वहां न डालें खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरों से लेकर गांवों तक में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसे लेकर अब राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भी चिंतित है। आयोग ने बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमले रोकने और सुरक्षा के उपाय जुटाने के संबंध में सिफारिशें की हैं। आयोग ने कहा है कि खेल मैदानों के आसापास कुत्ते को खाना खिलाने पर रोक लगाई जानी चाहिए।

दरअसल यह बात कुत्ते को खिलाने का विनियमन में पशु जन्म नियंत्रण (एसीबी) में भी कही गई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजे गए पत्र में बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों के तत्काल क्रियान्वयन के संबंध में अपने अधिदेश के तहत बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीआरसी) अधिनियम के तहत सिफारिशें की हैं। आयोग का मानना है कि निर्माण स्थल और जहां मजदूर रहते हैं वहां कुत्ते काटने की घटनाएं अधिकतर रूप से पाई जाती हैं। ये स्थान जोखिम पैदा करते हैं। विशेषकर मजदूरों के बच्चों के लिए जो अक्सर ऐसे वातावरण में रहते और खेलते हैं। ऐसी जगहों पर कुत्तों की मौजूदगी से बच्चों के आक्रामक व्यवहार या हमलों का सामना करने की संभावना बढ़ जाती है। इस संबंध में आयोग की सिफारिश है कि निर्माण स्थलों पर क्रेच की सुविधा और डे केयर अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि मजदूरों के बच्चों को सड़क या साइटों पर सुरक्षित रखा जा सके।

## कुत्तों को खिलाने का विनियमन क्या है



आयोग ने अपनी सिफारिशों में कुत्तों के खिलाने के विनियमन का उल्लेख विशेष रूप से किया है। यह विनियमन पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम 2023 है। इसमें कहा गया खेल मैदानों के आसपास कुत्ते को खाना खिलाने पर रोक लगाई जाए। इसी तरह पालतू पशु स्वामित्व नीति में कहा गया है कि बच्चों को कुत्ते काटने की घटना को कम करने के लिए पालतू पशु स्वामित्व नीतियां बनाई और लागू की जानी चाहिए। इसमें सभी पालतू जानवरों के लिए अनिवार्य पंजीकरण, नसबंदी और टीकाकरण का रिकार्ड रखा जा सके। आयोग ने ये भी कहा है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए कुत्तों की नसबंदी (बधियाकरण) करनी चाहिए। खासकर उन क्षेत्रों में जहां आंगनबाड़ी और स्कूल हैं।

**महिलाओं पर बढ़ते अपराध को लेकर सीएम हाउस घेरने निकली थीं**

# महिला कांग्रेस का हल्लाबोल, पुलिस ने रोका तो जमकर हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश महिला कांग्रेस ने मंगलवार को महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेत्रियों को बैरिकेड्स लगाकर रोका। पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी देखने को मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते रहे। इससे पहले पुराने कांग्रेस भवन के सामने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं। कई कार्यकर्ता दुष्कर्म पीड़िता बनकर पहुंची थीं, इसके बाद राजीव चौक से सीएम हाउस की तरफ बढ़ीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इसके पूर्व गांधी मैदान पर हुई सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी ने कहा, बच्चियों से लेकर 50 साल की अधेड़ महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। बिना कांग्रेस के दबाव के कार्रवाई नहीं होती।







### नशे की गोलियां और दवाएं खाकर हो रहे अपराध- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, इन लोगों ने जगह-जगह शराब बेचने की अनुमति दी है। 80 प्रतिशत गांव की दुकानों में भी नशे की गोलियां, दवाएं मिल रही हैं, जिसे खाने से लोग अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

### सरकार को एफआईआर करने का बहुत शौक़ है : बैज

*प्रदर्शन में मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आज लाल साड़ी पहनकर दुर्गा के रूप में सरकार पर क़हर बरपाने हमारी माताएं-बहनें पहुंची हैं। नौ महीने की सरकार ने पूरे प्रदेश को बर्बाद कर दिया, माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी ने लगातार मुद्दा उठाया। आपको जनता ने सरकार चलाने का जनादेश दिया, लेकिन इस सरकार में सरकार नाम की चीज नहीं है, कानून नाम की चीज नहीं है। सरकार को लाठी, जेल और एफआईआर करने का बहुत शौक़ है। लाठियां तैयार रख लो, लाठियां मारते रहे, एफआईआर करते और जेल भरते पांच साल बीत जाएंगे। हमारी लड़ाई माता-बहनों की सुरक्षा की है। रायगढ़, रायपुर, यहां तक गृहमंत्री के अपने गृह जिले कवर्धा की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं, तो प्रदेश की सुरक्षा क्या करेंगे। इस सरकार से ये पूछना चाहते हैं, सरकार कौन चला रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रदेश में दो क़ानून है? एक क़ानून जहां बिना जांच के एफआईआर हो रही है, और दूसरा जहां जांच के बाद धरना देने पर एफआईआर करते हैं। पुलिस गृहमंत्री से पूछकर एफआईआर करती है और धाराएं लगाती है।*

### कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा नेत्रियों ने बताया फ्लॉप शो

भारतीय जनता पार्टी की सांसद रूपकुमारी चौधरी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत और विधायक भावना बोहरा ने मंगलवार को राजधानी में महिला सुरक्षा के नाम पर मुख्यमंत्री निवास के घेराव को कांग्रेस का फ्लॉप शो करार देते हुए कहा है कि जो महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपनी प्रादेशिक और केंद्रीय महिला नेत्रियों के साथ हुए दुर्व्यवहार, अपमान के मामले में गूंगी गुड़िया बनी बैठी रही, आज महिला सुरक्षा और न्याय के नाम पर किस मुंह से सवाल खड़ा कर रही है। भाजपा नेत्रियों ने कहा, प्रदेश महिला कांग्रेस पहले अपनी पीड़ित, अपमानित साथी नेत्रियों को सम्मान, सुरक्षा और न्याय दिलाने का नैतिक साहस दिखाए अन्यथा उसके ये सारे घेराव-आंदोलन सियासी ढोंग और बेमानी ही साबित होंगे। भाजपा नेत्रियों श्रीमती चौधरी, श्रीमती राजपूत व श्रीमती बोहरा ने कहा, महिला सुरक्षा के मामले में कुछ भी बोलने की नैतिकता अब कांग्रेस में कतई शेष नहीं रह गया है। कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार के पांच सालों के शासनकाल में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध अपनी चरम सीमा को लांघ चुके थे। जिस कांग्रेस की नेत्रियों ने अपनी ही साथी नेत्रियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज तक नहीं उठाई, उन्हें न्याय तक नहीं दिलवा पाई। दलितों और महिलाओं के नाम पर ढोल पीटने वाली कांग्रेस के लगभग डेढ़ साल पहले राजधानी में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस की दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ उन्हीं प्रियंका वाड्रा के पीए संदीप सिंह ने बदतमीजी की, जिन प्रियंका के 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' के सियासी जुमले की अर्चना गौतम ब्रांड एम्बेस्डर थीं। आज तक उस महिला नेत्री को इंसाफ नहीं मिला है, और चूंकि यह दुर्भाग्यपूर्ण व शर्मनाक वाकया छत्तीसगढ़ में घटा था, बावजूद इसके छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस और कांग्रेस की नेत्रियों ने खामोशी ओढ़ ली थी।

## दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी शुरू, विशेष कार्यपालिक दंडाधिकारी तैनात




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले चुनाव की तारीख अभी सामने नहीं आई है, लेकिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में आयोग के प्रस्ताव के अनुरूप दक्षिण सीट के लिए विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी तय किए गए हैं। बताया गया है कि अलग-अलग विभागों में पदस्थ अधिकारियों को विशेष कार्यपालक दंडाधिकारी की शक्तियां प्रदान की गई हैं। ये लोग चुनाव पूरा होने तक रायपुर दक्षिण में शांतिपूर्ण मतदान के लिए काम करते रहेंगे।

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट वहां के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। श्री अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद इस सीट से इस्तीफा दिया था। इस खाली हुई सीट पर इस्तीफे की तारीख के बाद अगले छह महीनों में उप चुनाव कराया जाना है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का कार्यक्रम अभी जारी नहीं किया है। दूसरी ओर इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए राज्य की सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस समेत अन्य दलों के लोग तैयारियों में जुट गए है। दक्षिण को लेकर सियासी गतिविधियां अंदरूनी तौर पर चल रही है। जैसे ही निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी। इस सीट पर कब्जे के लिए राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाएंगी।

## कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा नहीं कराने वाले राइस मिलरों का कराएं भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ने पिछले साल खरीदे गए धान का मिलान 30 सितम्बर तक कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम में 22 लाख टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 4.5 लाख टन चावल जमा करना शेष है। धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए 32 लाख टन जमा करना शेष है। भण्डार गृह में जो धान शेष है, उनका तेजी के साथ उठाव और कस्टम मिलिंग का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही कराया जाएगा। मंत्री ने कहा, कस्टम मिलिंग कर एफसीआई और नॉन में जल्द चावल जमा कराएं। जरूरत पड़े तो राइस मिल में भौतिक सत्यापन का कार्य भी किया जाए।

खाद्य मंत्री ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की आज दूसरे दिन मैराथन बैठक लेकर विभागीय काम-काज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खाद्य अधिकारियों और निरीक्षकों को हर माह 10 राशन दुकानों की जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर सशक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशनकार्ड के वितरण में आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की।

### धान खरीदी के आवश्यक इंतजाम करें

आगामी खरीफ सीजन में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से कहा, धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम शुरू करें। उन्होंने कहा, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बारदाने की व्यवस्था, धान खरीदी केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर और नापतौल उपकरणों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

**टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने दी जानकारी**

# 50 लाख घरों तक सोलर, अब खिड़की में कांच की जगह पैनल लगाकर बचा सकेंगे ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में भी शुरू हो गई है। सोलर कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल

- राज्य में सौर क्षमता बढ़ाने टाटा पावर ने छत्तीसगढ़ में 'घर-घर सोलर' के तहत 600 से भी ज्यादा इंस्टॉलेशन किए पूरे

एनर्जी लिमिटेड 'घर-घर सोलर' पहल के तहत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और केरल के बाद अब छत्तीसगढ़ में यह अभियान चालू हो गया है। मंगलवार को सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने विस्तार से जानकारी दी। हरिभूमि ने बातचीत में कहा कि चार महीने के भीतर टाटा कंपनी हल्के वजन वाले सोलर पैनल लांच करने जा रही है, जिसे घर में छोटी जगहों पर आसानी से लगाया जा सकता है। इसकी खास बात यह भी है कि इस पैनल को खिड़की के कांच की जगह भी उपयोग कर सकते हैं।

अधिक पैनल के उपयोग से दिनभर के लिए ऊर्जा की बचत हो जाएगी। छग में घर-घर सोलर की पहल राज्य के सभी 33 जिलों को कवर करेगी। इसे नौ पार्टनर्स इसको अपना सपोर्ट देंगे। उन्होंने बताया कि टाटा कंपनी ने पहले 20 लाख सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य बनाया था, लेकिन भारत सरकार ने यह लक्ष्य 50 लाख तक दिया है। हम तीन सालों के भीतर देशभर में इस लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगाने लोगों में दिलचस्पी केवल शहर तक नहीं है, गांव में भी काफी मांग देखने को मिल रही है। कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत का ग्रोथ कर सकता है, पूरी उम्मीद है। कार्यक्रम में टाटा पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश नंदा, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और सम्मानित चैनल पार्टनर्स के साथ उपस्थित थे।



### 78 हजार तक मिलेगी सब्सिडी

घर-घर सोलर' पहल बेहतरीन रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस, आरटीएस को अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ मिलता है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत निवासी 1 किलोवाट के लिए 30,000 तक, 2 किलोवाट के लिए 60,000 तक और 3 से 10 किलोवाट सिस्टम के लिए 78,000 तक की केंद्र सरकार से सब्सिडी ले सकते हैं। इन सब्सिडी का उद्देश्य सोलर ऊर्जा इंस्टालेशन को सभी की पहुंच में पहुंचाना और किफायती बनाना है, जिससे हर घर बिना किसी वित्तीय बोझ के रिन्यूएबल एनर्जी को अपना सकें। इसके अलावा 'घर घर सोलर' पहल में नेट मीटर की रीडिंग के लाभ भी मिलेंगे। इससे लोगों को अतिरिक्त बिजली उत्पन्न करने पर क्रेडिट मिलेगा, ताकि उनके ऊर्जा बिल कम आ सकें। 2 गीगावॉट से भी ज्यादा सोलर छतों के साथ लगभग 51,674,454.89 टन $CO_2$ की भरपाई की जाने अनुमान है, जो 25 वर्षों के जीवनकाल में लगभग 18 लाख पेड़ लगाने के बराबर है।

### छत्तीसगढ़ में 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन

आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कई प्रत्यक्ष प्रोजेक्ट्स में 250 मेगावाट से भी ज्यादा की क्षमता के बराबर 600 से ज्यादा इंस्टॉलेशन की सेवा देने के पोर्टफोलियो के साथ, छत्तीसगढ़ टीपीएसएसएल की गतिविधियों और पहलों के लिए सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय इंस्टालेशन में 100 मेगावाट की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, बीईएसएस) प्रोजेक्ट, एबीआईएस के साथ 30 मेगावाट का प्रोजेक्ट, वंदना इस्पात के साथ 15 मेगावाट का प्रोजेक्ट, लोहिया और डोंगरगांव के साथ 12 मेगावाट का प्रोजेक्ट, कृष्णा आयरन स्ट्रिप्स तथा ट्यूब्स प्रा. लिमिटेड के साथ 7 मेगावाट का प्रोजेक्ट और महावीर कोल वॉशरीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 4 मेगावाट का प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

**छह दिनों की यात्रा में कार्यकर्ता बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की तीर्थ यात्रा करेंगे**

# साय और रमन ने अयोध्या सहित पांच तीर्थों के दर्शन के लिए कार्यकर्ताओं को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अयोध्या, बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की पांच तीर्थ यात्रा पर जा रहे रायपुर जिले के धरसींवा क्षेत्र के तीन मंडलों के 600 कार्यकर्ताओं को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। तीर्थ यात्रियों को ले जा रही 13 बसों को मंगलवार को विधानसभा के पास शीतल बाड़ी से झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, शुभ अवसर पर जब भगवान गणेश घर घर में विराजमान हैं आप लोग पांच तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए रामलला तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ की है। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय प्रारंभ की गई तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार है। मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण और मेहनत से विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनसे किए गए वायदे के अनुसार आज इस क्षेत्र के 600 कार्यकर्ता पांच तीर्थों की यात्रा पर जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा, तीर्थों के दर्शन के दौरान श्रद्धालु अपने घर परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की खुशहाली, समृद्धि के लिए भी आशीर्वाद मांगें। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु राम का ननिहाल है। यहां सदैव खुशहाली हो ऐसी कामना आप सभी तीर्थों के दर्शन के दौरान करें। हम सब आप लोगों को प्रणाम करने के लिए यह आए हैं। आपकी यात्रा मंगलमय हो। इस अवसर पर अतिथियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

# राधिका खेड़ा ने कहा- दीपक बैज और उनकी प्रवक्ता को भेजा है लीगल नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कहा, मैं देख रही हूं कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी लगातार बेहयाई से एक झूठ फैला रहे हैं कि मेरी माताजी का कोई बिल छत्तीसगढ़ सरकार में अटका हुआ है, जिसके कारण मैंने भाजपा का दामन थामा। मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरी माताजी ने छत्तीसगढ़ में एक भी रुपया का सरकारी काम नहीं किया है।



इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी मेरे चरित्र हनन के लिए झूठी अफवाहें फैला रही है। इसीलिए आज मैंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और उनकी प्रवक्ता को लीगल नोटिस भेजा है। राधिका खेड़ा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, अब मेरा खुला चैलेंज है दीपक बैज और पूरी कांग्रेस पार्टी को या तो 48 घंटों के भीतर सबूत पेश करें कि मेरी माताजी ने छत्तीसगढ़ सरकार में एक भी सरकारी काम किया हो, मेरी माताजी की कंपनी के नाम का या मेरी माताजी के नाम का छत्तीसगढ़ सरकार का वर्क ऑर्डर या पेमेंट रिकॉर्डेड, रिसीप्ट।

- मेरी मां ने छत्तीसगढ़ में कोई सरकारी काम किया है तो साबित करें, नहीं तो माफी मांगें

साथ ही, मैं आज एक और चुनौती देती हूं कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को, अगर उन्होंने सिद्ध कर दिया कि मेरी माताजी को छत्तीसगढ़ सरकार में कोई वर्क ऑर्डर या छत्तीसगढ़ सरकार का पेमेंट रिसीप्ट है, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगी, लेकिन अगर दीपक बैज और भूपेश बघेल यह सबूत नहीं ला पाए, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से मेरी माताजी से माफी मांगनी होगी और राजनीति से संन्यास लेना होगा।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी में बनेगी गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म

**रायपुर।** ट्राइबल वारियर प्रोडक्शन एवं केकेएस के फिल्म वर्क्स और दीपेश कुकरेजा प्रोडक्शन्स के संयुक्त बैनर तले छत्तीसगढ़ी-हिंदी फिल्म गैंग्स ऑफ रायपुर का निर्माण जल्द होने जा रहा है। गैंग्स ऑफ रायपुर फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने मंगलवार को कलर्स मॉल के कार्निवल सिनेमा में फिल्म की कास्ट रिवील का आयोजन किया, जहां फिल्म के निर्देशक के. शिव कुमार और प्रोड्यूसर साजिद खान ने बताया कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग राजधानी रायपुर और कांकेर जिले की विभिन्न लोकेशंस पर 15 सितंबर को आरंभ होने जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कई कलाकार हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें राजीव वर्मा पुलिस महानिदेशक के रोल में होंगे तो वहीं बॉलीवुड के अभिनेता गोपाल के. सिंह एवं कई सीरियल व फिल्मों में काम कर चुके शील वर्मा व ध्रुवादित्य भगवनानी भी नजर आएंगे।

### शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगता में स्मृति प्रथम

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल सांस्कृतिक समिति द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत माता हायर सेकंडरी स्कूल टाटीबंध की कक्षा 12वीं की छात्रा स्मृति दास का पहला स्थान रहा। वे पूर्व में भी भारतीय शास्त्रीय नृत्य में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुकी है और राज्यपाल से पुरस्कृत भी हुई हैं। छात्रा को पहला स्थान प्राप्त होने पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, चेतन दंडवते सहित मंडल के समस्त सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

### लालपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा, दिलाई शपथ

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल लालपुर में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को मिडिल स्कूल प्रधानपाठक देवेंद्र अगलावे ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। संकुल समन्वयक फ्लोरेंस तिर्की ने बताया, स्वस्थ मनुष्य में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, हमें स्वयं स्वच्छ रहकर, दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बीएड छात्राध्यापक चंद्रकला जैन, पार्वती ध्रुव, अखिलेश तिर्की, सुषमा कुलकर्णी, कविता सरकार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुख्यमंत्री ने आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूदान आंदोलन के प्रणेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 11 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि विनोबाजी ने अपना जीवन गरीबों और दलितों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया तथा उनके अधिकारों के लिए खड़े हुए। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में अथक प्रयास किया। साथ ही आचार्य भावे ने देश में आजादी की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आचार्य विनोबा भावे का सामाजिक सुधार और दीन-दुखियों के उत्थान के प्रति उनका अटूट समर्पण हमें आज भी प्रेरित करता है।

### सिंधु पैलेस में आमसभा और प्रतिभा सम्मान 22 को

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा 22 सितंबर को आमसभा और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी और महासचिव सुनील अजवानी ने देते हुए बताया कि प्रतिभा सम्मान के तहत साहिती के सदस्य परिवार के विद्यार्थियों को स्व. चंद्रादेवी इसरानी की स्मृति में मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्री-प्रायमरी व प्रायमरी कक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा, मिडिल व हायर सेकेंडरी कक्षाओं में 80 प्रतिशत या अधिक, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन में 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों को सम्मान किया जाएगा।

## आयोजन : सफल आयोजन के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ली बैठक

# आंगनबाड़ी केंद्रों में आज से शुरू होगा वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतर



जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 सितंबर से वजन त्योहार शुरू होगा। वजन त्योहार 23 सितंबर तक चलेगा। ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 6 वर्ष से कम बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की का जांच की जाएगी । इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

जिले के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में सफल आयोजन करने जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया ने बैठक ली। जिसमें सी.पी. शर्मा एवं एकीकृत बाल विकास अधिकारी व समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक उपस्थित थे। ष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों के आयोजन पोषण, स्वास्थ्य,साफ सफाई,टीकाकरण के बारे भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। वही किशोरी, बालिका और गर्भवती महिला का वजन व ऊंचाई लेने कहा गया। कार्यक्रम अधिकारी श्री सिसोदिया ने कहा कि इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाए। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है। कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं उसका भी पता लगाया जाये। उन्होंने कहा कि वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की डयूटी भी लगाई जाएगी।

आयोजित होने वाले वजन त्योहार में आयु व वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की निःशक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की जाए। वजन त्यौहार के अवसर पर प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र हेतु ग्राम स्तरीय, वार्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है। समुदाय के समक्ष आंगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाए। ऑनलाइन साफ्टवेयर से वजन की जानकारी भरकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पोषण स्तर ज्ञात किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### बनेगा डाटाबेस

कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। कुपोषण विषय पर जनजागरूकता में वृद्धि लाने के लिए विशेष कार्य किए जाएंगे। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में पृथक-पृथक कुपोषण की वर्तमान स्थिति की जानकारी तैयार करते हुए कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार होगी। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बेसलाइन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। किशोरी बालिकाओं के एनिमिया के स्तर में सुधार लाने तथा एनीमिया के स्तर का आंकलन किया जाएगा।

# अधिक से अधिक प्रकरणों का कराएं राजीनामा से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ नेशनल लोक अदालत के आयोजन के संबंध में बैठक

नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा उपस्थिति में न्यायिक अधिकारी, आर्बिट्रेशन, बीमा, मोटर दुर्घटना दावा, अधिवक्ता, विद्युत विभाग बीएसएनएल तथा नगर पालिका परिषद् अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को 21 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित करने व पूर्ण प्रयास कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउन्स के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल विवाद, विद्युत, जलकर व सम्पत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकवरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, न्यायाधीशगण द्वारा प्रकरणों में पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सिटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किए जाने का यथा संभव प्रयास किए जाने का निर्देश भी किया गया।

उनेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए राजीनामा हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों को नियत किया जाए। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।

# प्रतिभा निखारने का मंच है डीजे डांस प्रतियोगिता : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ गुधेली में नव ज्योति गणेश उत्सव समिति ने आयोजित की प्रतियोगिता



10 दिवसीय गणेश उत्सव जिलेभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। बेमेतरा विधायक साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुधेली, देवरी, बेरलाकला, एवं बेरला नगर सहित विभिन्न स्थान पर लगे गणेश पंडालों में पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गणेश चतुर्थी के पर्व पर ग्राम गुधेली की नवज्योति गणेश उत्सव समिति द्वारा भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए 1 कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित रहे। विधायक दीपेश साहू ने इस दौरान ग्राम गुधेली मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आमतौर पर हमेशा कार्यक्रमों की व्यस्तता के चलते समय कम मिलता है लेकिन आज सौभाग्य है कि यहां आकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना और दर्शन करने का मौका मिला। विधायक युवाओं के साथ गणपति बप्पा मोरिया का जयकारा लगाया। विधायक ने ग्रामवासियों की मांग पर सांस्कृतिक रंगमंच और शनि मंदिर बनाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामवासी, समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### संस्कृति व परम्परा को सहेजने का हो रहा काम

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा की क्षेत्र मे अनगिनत ऐसे युवक -युवती है जो अपनी प्रतिभा और कला से अभिभूत है, जिनको अपन हूनर दिखाने के लिए मंच की आवश्यता पड़ती है। यह वही मंच है जिसके द्वारा युवा डांस के क्षेत्र मे अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। अनेक कलाकारों को मंच देने और सजाने का कार्य करने के लिए नव ज्योति कलश गणेश उत्सव समिति की सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से गुधेली के युवा साथी छत्तीसगढ़िया संस्कृति और परम्परा को सहेजने का काम कर रहे हैं।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार केन्द्र बेमेतरा के रूम न. 65 में 16 सितम्बर को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नियोक्ता शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव (बिक्री प्रतिनिधि) के रिक्त 30 पद पर भर्ती की जायेगी। इसके लिए योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, वेतनमान 8300 से 30 हजार, आयु 22 से 45 वर्ष, स्थान बेमेतरा जिला हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार में उपस्थित हो सकते हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन में होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा अभियान




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2024 के तैयारी के संबंध में पंचायत प्रतिनिधियों का उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अभियान की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला में उप संचालक पंचायत, सर्व जनपद पंचायत सीईओ, ई-जिला प्रबंधक, जिला समन्वयक व जिला सलाहकार एसबीएम सहित पंचायत सचिव उपस्थित थे। सीईओ अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान राज्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा।इस अभियान के दौरान जिले में स्वच्छता को प्रोत्साहन देने पर बल दिया जाएगा। अभियान के दौरान पंचायत स्तर एवं जिला, जनपद पंचायत स्तर पर स्वच्छता संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान में जनभागीदारी, स्वभाव एवं संस्कार स्वच्छता शामिल किया गया हैं। स्वच्छता हितग्राहियों को योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान जिलेभर में सफाई मित्रों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं और अन्य हितकारकों के लिए सफाई मित्र, सुरक्षा शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में स्वच्छता हितग्राहियों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में सीईओ ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान में जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अभियान के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के भवनों, व्यावसायिक परिसरों, बाजारो, शैक्षणिक संस्थाओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट हब, रोड्स, हाईवे सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता के लिए विविध गतिविधियां आयोजित किया जायेगा।

# जिला पंचायत सभापति ने कृषि मंत्री के समक्ष रखी अनेक मांगें



**साजा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय सहयोग केंद्र में पहुंच कर जिला पंचायत सभापति गोवेंद्र पटेल ने विभिन्न विषयों पर आवेदन के माध्यम से अपनी मांगें कृषि मंत्री राम विचार नेताम के समक्ष रखी। इसमें प्रमुख रूप से साजा विधानसभा के 2023-24 में हुए कई गांवों के बाढ़ग्रस्त पीड़ितों को जल्द मुआवजा राशि देने की मांग की। 2 वर्ष पूर्व घटिया सोयाबीन बीज के चपेट में सैकड़ों किसान को हुए आर्थिक नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए मंत्री को आवेदन दिया गया। सभापती ने ग्राम बगलेड़ी में मंडीबोर्ड द्वारा निर्मित बगलेड़ी के पुल निर्माण की भी जांच कराने की मांग रखी। मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## विधायक ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन...




**साजा।** विधायक ईश्वर साहू ने ग्राम पंचायत भरदा में विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड का भूमिपूजन किया, जिसमें गोवेन्द्र पटेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा एवं पंच-सरपंच और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्रों की जांच में पहुंचे डीएचओ बसोड़



**बेमेतरा।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीएचओ डॉ. बसोड़ द्वारा जिला अस्पताल, पीएचसी कुसमी, पीएचसी चंदनू, बेमेतरा ब्लॉक में उप स्वास्थ्य केंद्र चोरभट्टी, उप स्वास्थ्य केंद्र अमोरा का औचक निरीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय बेमेतरा स्थित एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आईसीटीसी, एसटीआई क्लीनिक, लिंक ए आर टी में मिलने वाले सुविधा, दवाई, एचआईवी-एड्स की परामर्श जांच, सिफलिस जांच के साथ उपलब्ध जांच किट, विभिन्न रजिस्टर का मेंटेनेंस का बारीकी से निरीक्षण किया गया। वहीं जिला चिकित्सालय में स्थित जिला क्षय केंद्र, डीएमसी, टीबी मरीजों को दवाई वितरण आदि का निरीक्षण किया गया, जिसमें सस्पेक्टेड टीबी मरीजों के जांच, टीबी मरीजों को उपचार के साथ उन्हें मिलने वाले सुविधा उपलब्ध की निरीक्षण, सफाई और केंद्र में संबंधित स्टाफ को समय पर उपस्थित होने निर्देश दिए। चंदनू और कुसमी का भी निरीक्षण किया गया डॉ. बसोड़ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनू और कुसमी का निरीक्षण किया और प्रभारी को निर्देशित किया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। ओपीडी में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार भी तकलीफ न हो इसलिए सभी स्टाफ को निर्धारित समय में अस्पताल पहुंचने निर्देशित किया गया। वही बेमेतरा ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र अमोरा और चोरभट्ठी का भी जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उक्त केंद्रों में साफ सफाई, निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के साथ हर बुधवार को आउट रीच हेल्थ मेला लगाने के साथ डिलीवरी केस बढ़ाने हेतु स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता पूर्वक सेवा देने के लिए निर्देशित किया गया।

### मवेशी से भरा ट्रक पकड़ाया

**पाटन।** मवेशी को भरकर कत्ल खाना ले जाते हुए एक मिनी ट्रक और उसके चालक को पुलिस ने पकड़ा है। उसमें 5 भैंस और 38 भैंसी को बरामद किया है। चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 4,6,10 छग कृषि पशु परीक्षण, अधिनियम 2004 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पाटन पुलिस ने ग्राम फुंडा में रात गश्त के दौरान पेट्रोल पंप के आगे 200 मीटर पर मुख्य मार्ग में बने फार्म हाउस ग्राम फुंडा में भैंसा भैंसी को जमा कर रखा गया था।

# जान से मारने की धमकी देकर करता रहा अनाचार

**भिलाई।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376 (2) एन, 56, पाक्सों एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 11 सड़क 8 वार्ड 39 स्वीपर मोहल्ला निवासी ए वेलागनी उर्फ नक्का ने 14 वर्ष 9 माह की नाबालिग को शादी का झांसा देकर लंबे समय से अनाचार करता रहा है। इस दौरान नाबालिग को जान से मारने तक की आरोपी ने धमकी दिया था। आरोपी के साथ नाबालिग को परिजनों ने घूमते हुए वर्ष 2023 दिसंबर को देख लिया था। घटना की शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही और उसे तुरंत ट्रेस कर पकड़ा लिया है।

# आत्मा के अनुरंजन का पर्व है पर्यूषण

**रायपुर।** आत्मा के कल्याण के लिए दिगंबर जैन समाज द्वारा दस लक्षणों पर आधारित दस धर्मों के आधार पर तप, साधना की जा रही है। डीडीनगर स्थित श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में भी पर्वाधिराज पर्यूषण के अवसर पर एक और जैन श्रावक अपनी तपस्या की चरम अवस्था को प्राप्त कर जीवन को मोक्षमार्ग के लिए प्रशस्त कर रहे हैं, वहीं रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और समाज को धर्म के मार्ग से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया ने उत्तम मार्दव धर्म के माध्यम से प्रवचन संध्या में कहा कि मानव क्षमा तो करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन किसी की प्रशंसा करने से, किसी के कटु वचन बोलने से अप्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता है। आज पद, रूप, ज्ञान, तप, कुल, जाति सहित 8 प्रकार के मदों से प्रभावित होकर वह अहंकार करता है और पर्व के दौरान इससे बचने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। दशलक्षण का यह पर्व मनोरंजन का नहीं, आत्मा के अनुरंजन का पर्व है।

### स्पर्धा में बच्चों ने लिया भाग

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई, आयोजक राजुल जैन व प्रतिभा जैन थीं, जिसमें 2 वर्ष से लेकर 11 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। जैन धर्म से जुड़ी परंपराओं, प्रसंगों व कथाओं की मनोहारी प्रस्तुतियां बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ दीं। बच्चों ने मां जिनवाणी, जैन धर्म, हेल्दी फूड जंक फूड, न्यूजपेपर, जैन श्रावक, दशलक्षण धर्म, शास्त्रीजी, श्रीकृष्ण, पूजा की थाली, नरक गति का जीव, आरओ वॉटर, अंजन चोर, चंदन बाला, दीवान अमरचंद जैसे किरदारों को मासुमियत के साथ बहुत दृढ़ता से पेश कर दर्शकों का मनमोह लिया। प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों में आर्यश, वेदांश, वीर, इवांश, वेदिका, अविचल, अयांश, अयांश आशीष जैन, अनव, शौर्य, अविरल, जियांशी, अरहान शामिल थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय के लिए आर्यन का चयन



**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी आर्यन कुमार सिन्हा का चयन कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय में हुआ है। माता शारदा सिन्हा व पिता अश्वनी कुमार सिन्हा (शिक्षक) ने बताया कि आर्यन कुमार शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर ग्राम के डा. बिसम्भर सिंह सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, दीपक यादव, कोस्तुभ साहू सहित सभी शिक्षकों, परिजनों व ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शहीद सुरेश राव की स्मृति में किया गया पौधारोपण





**बालोद।** राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर बालोद वनमण्डल के शहीद सुरेश राव की स्मृति में पौधारोपण किया गया। उनकी पत्नी उतरा राव को वनमण्डल अधिकारी बालोद, उपवनमंडल अधिकारी बालोद, दल्लीराजहरा ने श्रीफल व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी बालोद, डोंडीलोहारा, डोंडी, गुरुर, काष्ठागार बालोद एवं वनमंडल कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### गुरूर में शिक्षा स्तरीय समिति की बैठक आज

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर में शिक्षा स्तरीय समिति की बैठक 12 सितंबर को रखी गई है। बैठक जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष तोषण लाल साहू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेशन, सुखद सहारा पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता जैसी योजनाओ के प्रकरणों पर विचार किया जाएगा। बैठक में जनपद सदस्य लक्ष्मी साहू, राजश्री बल्ला, डिगेश्वरी बंधु एवं एस कुमार कलिहारी उपस्थित रहेंगे।

### नवागांव के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को दिया आवेदन



**बालोद।** जिले के गुरूर ब्लाक स्थित ग्राम नवागांव के ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव में एक व्यक्ति द्वारा खसरा 531/1 कुल रकबा 0.08 हे भूमि खरीदी गई है। उसके अतिरिक्त निस्तारी शासकीय भूमि में अतिक्रमण किया गया। इस पर कार्रवाई के लिए तहसीलदार गुरूर को 22 जून 2023 को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण ग्रामीणों ने इस बार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।





**बारिश का कहर**

**लगातार हुई भारी बारिश व बांधों से पानी छोड़ने का जिले में दिख रहा असर**

# साजा और देवकर तहसील के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में, चारों ओर पानी ही पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

खेतों में पानी की जरूरत होने की मांग के बाद तंदुला डेम खोला गया। इसी बीच जिले में जोरदार बारिश हो गई। वहीं, शिवनाथ नदी में मोंगरा बैराज से 1 लाख 13 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इस तरह चलते रात से नदी के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी हो गई। इसके असर साजा विकासखंड इलाके में प्रवाहित सुरही नदी एवं सम्बद्ध सहायक नालों ने बीते मंगलवार की रात से ही विकराल रूप धारण कर लिया था, जिसके कारण बुधवार की सुबह से लेकर दिनभर तक साजा एवं देवकर तहसील के सुरही तटीय इलाकों में बाढ़ का कहर दिखाई पड़ा। इसके तहत सीमावर्ती एवं साजा विधायक ईश्वर साहू के गृहग्राम बिरनपुर से लेकर पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के गृहग्राम मौहाभाठा, नगर देवकर सहित एक दर्जन गांवों में बाढ़ आ गई है। हालांकि प्रशासन की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों निरन्तर मुस्तैदी से तैनाती के कारण कहीं कोई अप्रिय स्थिति नहीं है। नगर के कई जगहों पर गणेश पंडालों में भी पानी पहुंच गया। इसे देखते हुए समितियों द्वारा अन्य फर्नीचरों के सहारे लेवल से सुरक्षित ऊपर किया गया।

### बाढ़ प्रभावित गाँव

बाढ़ के कारण साजा विकासखंड अंतर्गत नगर देवकर के साथ मोहगांव, देऊरगाँव, बगलेड़ी, तुमड़ीपाद, बोरतरा, पलनी, बासीन, बुधवारा, बासीन, डीहपारा, मासुलगोंदी, भोजेपारा, कोहकाबोड, मौहाभाठा, बिरनपुर, डेहरी, लूक, सहित इत्यादि दर्जनभर गाँव प्रभावित रहे। जहां पर सड़कों सहित गाँव का आपसी सम्पर्क टूट गया। वहीं, अन्य क्षेत्रों के लिए आवागमन बाधित रहा। इसके साथ इन गांवों के काफी हिस्सों में कल सुबह से ही जलमग्न स्थिति की जानकारी मिली है।

### साजा एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

साजा एसडीएम टीआर माहेश्वरी ने मंगलवार की रात बाढ़ प्रभावित तीन गाँवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया एवं अगले दिन की स्थिति पर निरन्तर निगरानी बनाकर तत्पर रहे। वहीं इसी घटनाक्रम में देऊरगाँव से जय महाकाल खाद्य सुरक्षा पोषण समिति से जुड़े एक प्रार्थी ने बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी दी है। जिसमे उनके गोदाम से 370 कट्टा चावल, 10 कट्टा शक्कर एवं 10 कट्टा नमक बह जाने की सूचना मिली है।






### बेरला के इन क्षेत्र में भी रहा पानी का ओवरफ्लो

शिवनाथ नदी में पानी के ओवरफ्लो का असर तटीय इलाकों के गाँवों में दिखा। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के टठिया, कुम्हिगुड़ा, अतरगढ़ी, सलधा, खम्हरिया, रेवे, मंगलौर, बहेरघट, लावतरा, ताकम, रांका-कठिया, चेतवा, कीरीतपुर सहित विभिन्न गाँव में आवागमन, सम्पर्क एवं दैनिक कामकाज प्रभावित रहे। इसी तरह के हालात शिवनाथ सहायक खारुन नदी के अंचल गाँव में रहा। इनमें कण्डरका, बेरलाकला, खुड़मुड़ी, भालेसर, मुड़पार, लाटा, खुड़मुड़ा सहित अन्य गाँव प्रमुख रहे। जहां पर ग्रामीणों की घरो सहित खेतो में भी पानी के डूबान ने काफी नुकसान पहुंचाया है।

### खेत-खलिहान डूबे, किसानों को नुकसान की आशंका

शिवनाथ एवं उसकी सहायक सुरही नदी में बाढ़ का असर खेत-खलिहानों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ा। जहां पानी की अधिकता होने से खेत जलमग्न हो गए हैं। इससे बड़े पैमाने पर फसल खराब होने से आर्थिक रूप से नुकसान व क्षति की आशंका बढ़ गयी है। लगातार पानी में डूबे रहने से धान के पौधे की खराब होने की आशंका भी ज्यादा है। साथ ही सब्जी एवं अन्य कृषि फसल पर भी इसका प्रभाव पड़ना स्वभाविक है। देखा जाए तो रात में ही पानी का स्तर बढ़ते ही खेत डूबते चले गए वही सुबह खेत तालाब की भांति नजर आ रहा था।

### देवकर में बाढ़ का व्यापक असर

इस दरम्यान नगर देवकर में सुरही नदी के बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। सुबह से ही नगर के अधिकांश मोहल्ले, चौक एवं वार्ड जलमग्न दिखाई दे रहे थे। वहीं इससे पहले नगरवासी रातभर दहशत के कारण जागते रहे। जिसमें देवकर के करीब तीन दर्जन दुकानें एवं प्रतिष्ठानें पानी में डूब गए। कुछ दुकानदारों को बड़े आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। आलम यह रहा कि देवकर के डीहपारा बस्ती में बड़ा रौद्र लिया जिसके कारण नगर कई हिस्सों में बंट गया। लिहाजा नगर देवकर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विभिन्न सामुदायिक भवन, कई स्कूल, सोसायटी, मुक्तिधाम, कब्रस्तान, सहित महत्वपूर्ण जगह भी बाढ़ की जद में रहे।

### नुकसान का किया जाएगा आंकलन

उधर, नगरवासियों ने इस मौके का खासा लुफ्त भी उठाया। जिसमे युवा से लेकर सभी वर्ग के लोग घरों से बाहर निकलर नहाते एवं आनन्द लेते नज़र आये। जानकारी के मुताबिक सुरही में बाढ़ का पानी एनीकट से 10 फीट ऊपर एवं पुराने पुल से कई फिट ऊपर रहा। वही नगर के रहवासी घरों को भी बड़ी संख्या में क्षति पहुंची है जिसकी बाद में सर्वे की बात कर मुआवजे की बात प्रशासन द्वारा की जा रही है।



### चीजगांव-बरगा और चीजगांव लालपुर मार्ग पर पुल बाढ़ में डूबे, आवागमन बंद

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में रुक रूककर गर्जना के साथ भारी बारिश होने के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले में मूसलाधार बारिश होने के चलते नदी और नाले उफान पर है । क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हुआ है। साथ ही साथ कुछ किसानों के खेत नदी और नाले से जुड़े होने के चलते फसलें पूरी तरह से खराब हो गई है। मूसलाधार बारिश के चलते चीजगांव से बरगा एवं चीजगांव से लालपुर पहुंच मार्ग पर बने पूल डूब गए हैं। जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया है। साथ ही साथ चीजगांव और पलेनी बीच का नाले भी जलमग्न हो गया है जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया है। चीजगांव-बरगा एवं चीजगांव-लालपुर पहुंच मार्ग पर बने पुल से तकरीबन 4-5 फीट पानी ऊपर बह रहा है। इससे राहगीरों एवं किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्राम चीजगांव के कुछ बाड़ी एवं घरों में भी पानी घुस गया है। किसान बेदूल निषाद, दुर्गेश निषाद, चेतन साहू, कार्तिक साहू, प्रेमलाल साहू, केजू साहू, दीनदयाल यादव,सनत पटेल, कल्लू पटेल समेत चीजगांव एवं बरगा के दर्जन भर से ज्यादा किसानों के खेतों एवं बाड़ी में पानी भर गया है। उक्त जानकारी अजय साहू द्वारा दी गई।

# एथेनॉल फैक्ट्री का कर्मी शराब तस्करी करते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- ग्रामीणों का आरोप- पुलिस नहीं रोक रही असामाजिक तत्वों

रांका में संपन्न महापंचायत का शोर अभी थम भी नहीं पाया था कि उसके पहले ही पथर्रा में निर्माणाधीन एथेनाल फैक्ट्री का कर्मचारी शराब तस्करी करते पकड़ा गया। इनमें से ग्रामीणों से बच कर एक तस्कर शराब की पेटी के साथ फैक्ट्री के अन्दर घुसने में सफल रहा। उसके साथी को शराब की 5 बोतल के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। ग्रामीणों ने अपने शांति का परिचय देते हुए पुलिस को सूचना दे कर उसे पकड़वाया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया की बिना नंबर प्लेट की गाड़ी में प्रतिदिन शराब की तस्करी की जा रही है। बिना नंबर प्लेट की गाड़ी को देखने के बाद भी पुलिस ने संज्ञान लेने के बजाय नजरअंदाज कर रही है। उल्लेखनीय है कि रांका और पथर्रा में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बाहर प्रदेश बिहार, उत्तरप्रदेश और पश्चिम बंगाल से लेबर के नाम पर असामाजिक लोगों को लाकर रखा गया है। इनका पुलिस वेरिफिकेशन करना भी जरूरी नहीं समझ रही है। ग्रामीण अब फैक्ट्री के साथ साथ इन आसामाजिक तत्वों से भी परेशान हो रहे है।विगत दिन रांका में निर्माणाधीन सुयश बायो फ्यूल के कर्मचारी द्वारा कठिया रांका हाईस्कूल की बच्चियों से दिन दहाड़े शराब के नशे में छेड़छाड़ की जा रही थी। जिस पर स्थानीय युवाओं ने इन आसामजिक तत्वों की जम कर धुनाई कर दी थी । आनन फानन में फैक्ट्री प्रबंधन ने इन बदमाशों को फरार करवा कर मामले को दबा दिया।इसके साथ ही ग्रामीणों का आरोप है को ये फैक्ट्री प्रबंधन गांव के ही कुछ बदमाश प्रवृति के लोगों को आम जनता जो फैक्ट्री का विरोध कर रहे है उनसे लड़वाने का काम कर रही है। ऐसी घटना इस क्षेत्र हर दिन हो रही,जिससे ग्रामीणों में फैक्ट्री प्रबंधन और शासन प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन पैसे और प्रशासन की शाह पर ग्रामीण जनता को आपस में लड़वाने का पैंतरा चल रही है। किसान आंदोलन की व्यापक रणनीति बनाने की प्रक्रिया चल रही है।



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया एचआईवी जागरुकता अभियान

- तीन दिन से ब्लाकों में एड्स के प्रति कर रहे जागरूक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य इड्स कंट्रोल समिति द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना जीवन रेखा फाउंडेशन द्वारा एचआईवी एवं एड्स के रोकथाम के लिए मिड मीडिया एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

कला जत्था के माध्यम से लोक कलाकारों द्वारा बेमेतरा जिले के ब्लॉक नवागढ़, बेरला एवं बेमेतरा में जाकर पिछले 3 तीन दिनों से लगातार रंगारंग कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा एचआईवी वायरस से रोकथाम के लिए जानकारी दी जा रही है। सभी को एचआईवी फैलने के चार कारण और 4 बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। निरोध के प्रयोग की जानकारी एवं उसके फायदे बताया गया, साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1097 पर कॉल कर और अधिक जानकारी ली जा सकती है। साथी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपनी अपनी एचआईवी की जांच करने की सलाह दी गई, जहाँ पर कार्यालय के सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यालय के परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम निगरानी मूल्यांकन अधिकारी भुवनेश्वर गेंदले, काउंसलर मंजूषा शर्मा, डोमेश वर्मा, फील्ड ऑफिसर आशा चेलक, महेश चतुर्वेदी, परमेश्वर पात्रे, सत्यनिरंजन जांगड़े, एवं पीयर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान बेमेतरा विकासखंड के ग्राम बीजाभाट स्थित पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान में स्टॉक का अवलोकन किया तथा पंजियों की जांच कर व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए एवं स्वयं अपने हाथों से चावल के दानों की गुणवत्ता परखी । उन्होंने कहा कि लोगों को राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रखें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं और श्रेणी के तहत राशन वितरण की जानकारी ली तथा उपस्थित लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ पर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि लोगों की सुविधा का ध्यान रखें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि पीडीएस के बेहतर संचालन में आमजनों के सुझाव आमंत्रित हैं। उनके द्वारा राशन प्राप्त करने से जुड़ी किसी समस्या अथवा शिकायत से अवगत होने के लिए दुकान में सुझाव या शिकायत पेटी की व्यवस्था करें। जिससे हितग्राहियों की बात प्रशासन तक पहुंच सके और उनका उचित निराकरण समय पर किया जा सके। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

